नशीली दवाओं के दुरूपयोग के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाना

1254. **श्री अजीत जोगी** :

श्री एस.एस. सुरजेवाला :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगें कि:

(क) क्या नशीली दवाओं के दुरूपयोग की समस्या से निबटने के लिये वर्तमान व्यवस्था की समीक्षा करने हेतु गठित की गई उच्च स्तरीय समिति ने अपना प्रतिवेदन सरकार को प्रस्तुत कर दिया हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं;

(ग) सरकार द्वारा उस पर क्या कार्यवाही की गई है; और

(घ) यदि नहीं, तो उक्त प्रतिवेदन को प्रस्तुत करने में विलंब के क्या कारण हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम.वी. चन्द्रशेखर मूर्ति) : (क) से (ग) समिति ने अभी अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की हैं।

(घ) मिश्रित विषयों की जांच की जा रही हैं।

स्वदेशी कॉटन मिल्स कंपनी लिमिटेड (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत दावों का भुगतान

1255. **श्रीमती मालती शर्मा** : क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगें कि:

(क) क्या सरकार स्वदेशी काटन मिल्स कंपनी लिमिटेड (उपक्रमों का अधिग्रहण और स्थानांतरण) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत आने वाले अंतिम श्रेणी के बहुसंख्यक दावेदारों के दावों के भुगतान के लिए कोई प्रयास कर रही हैं;

(ख) सरकार द्वारा अब तक कितनी धनराशि आवंटित की गई हैं और उपरोक्त धनराशि का किन-किन श्रेणियों के दावेदारों को भुगतान किया गया हैं और क्या सरकार अंतिम श्रेणी के दावेदारों को शीघ्र भुगतान करने का विचार रखती हैं; और

(ग) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं , तो इसके क्या कारण हैं?

श्रम मंत्री और वस्त्र मंत्री (श्री जी. वेंकट स्वामी) : (क) स्वदेशी काटन मिल्स कंपनी लि. (उपक्रमो का अधिग्रहण तथा अंतरण) अधिनियम, 1986 की धारा 20 (2) के अंतर्गत यदि आयुक्त को अदा की गयी राशि किसी भी निम्न श्रेणी में विशिष्ट देयताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं होता हैं तो उस स्थिति में उन्हे ऐसे निम्न श्रेणी के संबंध में किसी भी दावे को जांच करने की आवश्यकता नहीं होगी।

(ख) उपर्युक्त अधिनियम के अंतर्गत आबंटित की गयी 26,27,00,000.00 की कुल राशि में से 3,78,01,499.00 की राशि पहले से ही श्रेणी 1 के अंतर्गत दावेदारों को अदा कर दी गयी हैं। 1857 बकाया दावों में से 18 दावे श्रेणी 2 के अंतर्गत आते हैं जो कि राष्ट्रीयकृत बैंकों तथा एन.टी.सी. से संबंधित हैं तथा इसमें 51.32 करोड़ रू. की राशि अंतर्निहित हैं, जबकि आयुक्त के पास मुआवजे की बकाश राशि 22,48,88,500.80 हैं। इन दावों पर कार्यवाही चल रही हैं बाकी 1839 मामले निम्न श्रेणियों से संबंधित हैं तथा इन पर श्रेणीवार कार्रवाई अधिनियम के उपबंधों के अनुसार श्रेणी-2 के दावों को निपटाने के बाद की जाएगी।

(ग) श्रेणी-3 अंतिम श्रेणी हैं और इस पर श्रेणी-5 के दावों को अंतिम रूप से निपटाने के बाद तथा उपरोक्त अधिनियम की धारा 19-ग के अनुरूप बचे बेशी होने पर कार्रवाई की जा सकती हैं।

Conversion of Bhuj LPT into HPT

1256. SHRI ANANTRAY DEV-SHANKER DAVE: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether any request from the State Government of Gujarat for conversion of Bhuj LPT into HPT is pending with his Ministry in view of its being near to sensitive international borders both by land and sea in order to discourage viewing of foreign TV programmes;

(b) if so, the action taken thereon, so far, and

(c) the time schedule so made for the early conversion?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI P.M. SAYEED): (a) Request have been received from Government of Gujarat in this regard from time to time.